# न्यूज़ टुडे

## भारत की राष्ट्रपति ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार प्रदान किए

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 **विश्व के सबसे बड़े शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण का 9वां वार्षिक संस्करण** है। इस वर्ष की थीम थी – **रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल** (3Rs)।

**पुरस्कारों से संबंधित मुख्य तथ्य (2024-25)**

- **जनसंख्या आधारित पांच स्तरीय वर्गीकरण:** मिलियन प्लस शहर (10 लाख से अधिक आबादी), बड़े शहर (3–10 लाख), मध्यम शहर (50,000–3 लाख), छोटे शहर (20,000–50,000) और बहुत छोटे शहर (20,000 से कम)।
- **पुरस्कार: निम्नलिखित 4 श्रेणियों में कुल 78 पुरस्कार प्रदान किए गए:**
  - **सुपर स्वच्छ लीग सिटीज़ (नई श्रेणी):** वे शहर जिन्होंने अपनी पिछली स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग के आधार पर असाधारण प्रदर्शन किया।
    - **इंदौर, सूरत और नवी मुंबई** ने प्रीमियर सुपर स्वच्छ लीग में प्रवेश किया।
  - **पांच स्तरीय जनसंख्या श्रेणियों में शीर्ष 3 शहर: अहमदाबाद, भोपाल और लखनऊ** शीर्ष स्वच्छ शहर के रूप में उभरे।
  - **विशेष श्रेणियां:** गंगा नगर, कैंटोनमेंट बोर्ड, सफाई मित्र सुरक्षा, महाकुंभ आदि।
  - **राज्य स्तरीय पुरस्कार:** राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों के **34 शहरों को प्रॉमिसिंग क्लीन सिटीज़ अवॉर्ड** से सम्मानित किया गया।
- **पुरस्कार समारोह में शुरू की गई नई पहलें:**
  - **स्वच्छ शहर भागीदारी: 78 शीर्ष प्रदर्शन** करने वाले शहर अपने-अपने राज्यों के कमजोर प्रदर्शन करने वाले एक-एक शहर को अपनाएंगे और उनका मार्गदर्शन करेंगे।
  - **त्वरित डंपसाइट उपचार कार्यक्रम:** यह एक वर्ष का विशेष कार्यक्रम होगा। इसका उद्देश्य पुराने कचरे (लीगेसी वेस्ट) का उपचार करना और वैज्ञानिक तरीके से अपशिष्ट प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाना है।

**स्वच्छ सर्वेक्षण के बारे में**

- **प्रारंभ:** इसे **2016 में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)** के अंतर्गत शुरू किया गया था।
- **शामिल संस्थाएं:** यह सर्वेक्षण प्रतिवर्ष **आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA)** द्वारा आयोजित किया जाता है।
  - शहरी स्थानीय निकायों (ULBs) द्वारा प्रस्तुत डेटा का फील्ड आकलन **थर्ड पार्टी एजेंसी** द्वारा सत्यापित किया जाता है।
- **उद्देश्य:** बड़े पैमाने पर नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना तथा शहरों एवं कस्बों को रहने के लिए बेहतर स्थान बनाने के महत्त्व के प्रति जागरूकता पैदा करना।
- **घटक:**
  - **स्वच्छ सर्वेक्षण:** ULBs द्वारा प्रदान किए गए डेटा, दस्तावेज़ मूल्यांकन और फील्ड आकलन पर आधारित।
  - **प्रमाणन:** ODF+/ ODF++/ Water+ दर्जे के आधार पर, जिनमें 80% और 20% का वेटेज निर्धारित है।

## रामसर कन्वेंशन के सचिवालय द्वारा 'ग्लोबल वेटलैंड आउटलुक, 2025' जारी किया गया

**आउटलुक के मुख्य बिंदुओं पर एक नजर**

- **कवरेज:** अंतर्देशीय ताजे पानी की आर्द्रभूमियां और तटीय व समुद्री आर्द्रभूमियां लगभग **1,800 मिलियन हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र** पर फैली हुई हैं।
- **आर्द्रभूमि का क्षरण:** 1970 के बाद से अब तक **विश्व की 22 प्रतिशत आर्द्रभूमियां** नष्ट हो चुकी हैं।
- निम्न आय/ निम्न मध्यम आय वाले देशों (LICs/ LMICs) में **अधिकतर आर्द्रभूमियों की स्थिति खराब** बनी हुई है।
  - **अफ्रीका महाद्वीप** की आर्द्रभूमियों का विश्व स्तर पर **सबसे अधिक क्षरण** हुआ है।
- रामसर कन्वेंशन के रणनीतिक लक्ष्य **कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैव विविधता फ्रेमवर्क (KM-GBF) लक्ष्यों के अनुरूप हैं।**
- **आर्द्रभूमियों के समक्ष मौजूद खतरों** में अनियोजित शहरीकरण, तीव्र औद्योगिक और अवसंरचना का विकास आदि शामिल हैं।

**सर्वश्रेष्ठ केस स्टडीज**

- **रीजनल फ्लाईवे इनिशिएटिव:** यह संपूर्ण एशिया के लिए 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर की साझेदारी है। इसके तहत **प्रवासी पक्षियों और लगभग 200 मिलियन लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण 140 से अधिक आर्द्रभूमियों को पुनः उनकी प्राकृतिक स्थिति** में लाने का प्रयास किया जा रहा है।
- **सेशेल्स** ने दुनिया का पहला संप्रभु **"ब्लू बॉण्ड"** जारी किया है।

**आगे की राह**

- **आर्द्रभूमियों का राष्ट्रीय योजना में समावेशन:** आर्द्रभूमियों के महत्त्व को समझते हुए उन्हें **प्राकृतिक पूंजी लेखांकन** (Natural Capital Accounting) में शामिल करना चाहिए।
- **वैश्विक जल विज्ञान चक्र** में आर्द्रभूमियों की अहम भूमिका को महत्त्व देना चाहिए।
- **अभिनव वित्तीय समाधानों में आर्द्रभूमियों को शामिल करना और प्राथमिकता देना:** जैसे- ऋण उपकरणों (जैसे- ग्रीन बॉण्ड, ब्लू बॉण्ड आदि) की तरह परिणाम-आधारित वित्त-पोषण साधन आदि अपनाने चाहिए।

**आर्द्रभूमियों द्वारा प्रदान की जाने वाली महत्वपूर्ण पारिस्थितिक-तंत्र संबंधी सेवाएं**

**प्रदायक (Provisioning) सेवाएं**

- खाद्य
- जल
- कच्ची सामग्री
- जैविक संसाधन
- सजावटी संसाधन

**विनियमनकारी (Regulating) सेवाएं**


- वायु गुणवत्ता को बनाए रखना
- अपशिष्ट का उपचार
- जलवायु विनियमन
- अपरदन को रोकना
- चरम मौसमी घटनाओं के प्रभाव को कम करना
- जैविक नियंत्रण
- जल प्रवाह संबंधी विनियमन

**रामसर कन्वेंशन, 1971 के बारे में**

- यह एक **अंतर-सरकारी संधि है**। यह **आर्द्रभूमियों और उनके संसाधनों के संरक्षण एवं बुद्धिमतापूर्ण उपयोग** के लिए रूपरेखा प्रदान करती है।
- भारत ने **1982 में इसकी अभिपुष्टि** की थी।

## केंद्र सरकार पोलावरम-बनकाचेरला लिंक परियोजना (PBLP) को लेकर एक समिति का गठन करेगी

केंद्र सरकार ने **तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच लंबित अंतर्राज्यीय जल विवाद से संबंधित मुद्दों** की जांच के लिए एक **उच्च-स्तरीय तकनीकी समिति** गठित करने का फैसला किया है।




**पोलावरम परियोजना क्या है?**

- पोलावरम परियोजना **आंध्र प्रदेश के पोलावरम मंडल के रामाय्यापेटा गाँव के पास गोदावरी नदी** पर बनाई जा रही है।
- **उद्देश्य:** इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य **सिंचाई का विकास करना, जलविद्युत उत्पादन करना, पेयजल उपलब्ध कराना** और सूखे से प्रभावित **रायलसीमा क्षेत्र** को राहत देने के लिए **कृष्णा नदी बेसिन में पानी डाइवर्ट** है।
- **विवाद:** तेलंगाना ने आंध्र प्रदेश पर आरोप लगाया है कि वह **आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 में सहमत अंतर्राज्यीय नदी जल साझाकरण समझौते** का उल्लंघन कर रहा है।

**अंतर्राज्यीय नदी जल विवाद समाधान तंत्र**

- **वैधानिक प्रावधान:**
  - **अंतर्राज्यीय नदी जल विवाद (ISRWD) अधिनियम, 1956:** यह केंद्र सरकार को जल विवादों के समाधान के लिए **जल विवाद अधिकरण** गठित करने का अधिकार देता है।
  - **नदी बोर्ड अधिनियम, 1956:** यह अधिनियम केंद्र सरकार को अंतर्राज्यीय नदियों और नदी घाटियों के विनियमन एवं विकास के लिए **नदी बोर्ड** स्थापित करने का अधिकार देता है।
- **संवैधानिक प्रावधान (संविधान के नियम)**
  - **अनुच्छेद 262:** यह संसद को अंतर्राज्यीय नदी जल से संबंधित विवादों के न्यायनिर्णयन (निपटारे) के लिए कानून बनाने का अधिकार देता है।
    - यह अधिनियम **सुप्रीम कोर्ट या किसी अन्य न्यायालय को किसी भी जल विवाद पर अधिकार-क्षेत्र का उपयोग** करने से रोकता है, यदि वह विवाद किसी अधिकरण को भेजा गया हो।
  - **संघ सूची की प्रविष्टि 56:** यह केंद्र सरकार को अंतर्राज्यीय नदियों और नदी घाटियों के विनियमन एवं विकास का अधिकार देती है।

---

## सुप्रीम कोर्ट ने जनजातीय महिलाओं को पुरुषों के समान उत्तराधिकार का अधिकार प्रदान किया



यह निर्णय **राम चरण एवं अन्य बनाम सुखराम एवं अन्य वाद** में आया है। कोर्ट ने जनजातीय रीति-रिवाजों के आधार पर **महिलाओं को उत्तराधिकार से वंचित करने के खिलाफ अपील** की सुनवाई पर यह निर्णय सुनाया है।

**इस निर्णय के मुख्य बिंदुओं पर एक नजर**

- जनजातीय महिलाओं को उत्तराधिकार से वंचित करना संविधान के **अनुच्छेद 14 और 15 का उल्लंघन है।**
  - **अनुच्छेद 38 और 46** मिलकर **संविधान के सामूहिक लोकाचार को दर्शाते हैं**, जो यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओं के खिलाफ कोई भी भेदभाव न हो।
- हालांकि, **हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 अनुसूचित जनजातियों पर लागू नहीं** होता है, लेकिन इसका तात्पर्य यह नहीं है कि जनजातीय महिलाओं को उत्तराधिकार से स्वतः ही बाहर कर दिया जाएगा।
- इस संबंध में संहिताबद्ध प्रथा या रीति रिवाज के तहत प्रतिबंध के अभाव में, कोर्ट को **न्याय, समता और सद्भाव के सिद्धांतों** को लागू करना चाहिए।
- **इससे संबंधित कुछ उदाहरण:**
  - **श्रीमान सरवांगो बनाम श्रीमान उर्चामहिन वाद (2013):** इसमें समानता के आधार पर बेटियों को उत्तराधिकार का हक देने का आदेश दिया गया था।
  - **तिरिथ कुमार बनाम दादूराम वाद (2024):** इसके तहत जनजातीय संपत्ति में महिला उत्तराधिकार की हक़दारी को बरकरार रखा गया था।

**महत्त्व:** यह निर्णय **जनजातीय समुदायों में लैंगिक न्याय को आगे बढ़ाता** है तथा जनजातीय महिलाओं के उत्तराधिकार संबंधी अधिकारों पर कोर्ट के पूर्ववर्ती सतर्क रुख में बदलाव को दर्शाता है।

**कानून के स्रोत के रूप में रीति-रिवाज**

- रीति-रिवाज **कानून के सबसे पुराने स्रोतों** में से एक हैं। ये **मानव व्यवहार को निर्धारित** करते हैं और **कोर्ट द्वारा मान्यता मिलने पर कानूनी रूप से बाध्यकारी** हो जाते हैं।
- **रीति-रिवाजों या प्रथाओं या परंपराओं को बाध्यकारी कानून के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए तर्कसंगतता, नैतिकता** जैसे मानदंडों को पूरा करना होता है।
- कुछ रीति-रिवाज **तर्क का दमन** कर सकते हैं और **रुढ़िवादिता** को जन्म दे सकते हैं जैसे **सती प्रथा, बाल विवाह, ट्रिपल तलाक** आदि।

## CARA ने बाल दत्तक ग्रहण के सभी चरणों में परामर्श सहायता को मजबूत करने के लिए राज्यों को निर्देश जारी किए

ये निर्देश **किशोर न्याय (बालकों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2021 में संशोधित) तथा दत्तक ग्रहण विनियम, 2022 के तहत राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसियों (SARAs)** के लिए जारी किए गए हैं।

**SARAs को दिए गए मुख्य निर्देश:**

- **सभी प्रमुख हितधारकों** जैसे- संभावित दत्तक ग्रहण करने वाले माता-पिता, दत्तक ग्रहण किए गए बच्चे और जैविक माता-पिता के लिए **मनोसामाजिक सहायता ढांचे को मजबूत** किया जाए।
- SARAs को जिलों और राज्य स्तर पर **योग्य परामर्शदाताओं को नामित/ पैनल में शामिल** करना होगा।
- यदि **विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसियां (SAAs) या जिला बाल संरक्षण इकाइयां (DCPUs)** किसी अन्य स्थिति में भी परामर्श की आवश्यकता महसूस करें, तो **मनोसामाजिक हस्तक्षेप** की व्यवस्था की जाए।

**भारत में बाल दत्तक ग्रहण**

- **नोडल मंत्रालय:** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय।
- **प्राथमिक कानून:** भारत में दत्तक ग्रहण मुख्य रूप से **हिंदू दत्तक ग्रहण और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 तथा किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2000** द्वारा नियंत्रित होता है।
- **नोडल केंद्रीय एजेंसी: केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (CARA)** घरेलू और अंतर्देशीय दत्तक ग्रहण को विनियमित करता है। CARA को **किशोर न्याय अधिनियम** के तहत स्थापित किया गया है।
- **बच्चों के संरक्षण और अंतर्देशीय दत्तक ग्रहण में सहयोग पर हेग कन्वेंशन (1993):** यह अंतर्देशीय दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया को **नैतिक, कानूनी और पारदर्शी** बनाता है। साथ ही, **बाल तस्करी को रोकने** में भी मदद करता है।
- **राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों की जिम्मेदारी:** राज्य और केंद्र शासित प्रदेश **किशोर न्याय अधिनियम** को निम्नलिखित संस्थानों के माध्यम से लागू करते हैं:
    - **राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसियां (SARA);**
    - **स्थानीय बाल कल्याण समितियां; तथा**
    - **जिला बाल संरक्षण इकाइयां (DCPUs)**

**केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (CARA) के बारे में**

- CARA **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत एक वैधानिक** निकाय है।
- **निगरानी:** यह देश में दत्तक ग्रहण और अंतर्देशीय दत्तक ग्रहण दोनों की निगरानी करता है।
- **केंद्रीय प्राधिकरण के रूप में नामित:** CARA को **हेग कन्वेंशन, 1993** के प्रावधानों के अनुसार अंतर्देशीय दत्तक ग्रहण के संबंध में **केंद्रीय प्राधिकरण** के रूप में नामित किया गया है। भारत ने **हेग कन्वेंशन की 2003 में अभिपुष्टि** की थी।



## अन्य सुर्ख़ियां




### राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (NFRA)

केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने NFRA के नए अध्यक्ष की नियुक्ति की है।

**राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण के बारे में**

- भारत सरकार ने 2018 में **कंपनी अधिनियम, 2013** के तहत NFRA की स्थापना की थी।
- **मुख्यालय:** नई दिल्ली
- **कार्य और जिम्मेदारियां**
    - कंपनियों के **लेखांकन और ऑडिट नीतियों** तथा मानकों की सिफारिश करना।
    - लेखांकन और ऑडिट मानकों के **पालन की निगरानी करना और उसे लागू करना।**
    - लेखांकन और ऑडिट पेशे से जुड़े व्यक्ति/संस्था **की सेवा की गुणवत्ता की निगरानी** करना।
    - **ऐसे अन्य कार्य और कर्तव्य को पूरा करना** जो उपर्युक्त कार्यों और कर्तव्यों के लिए आवश्यक या प्रासंगिक हों।



### सिंबेक्स अभ्यास (SIMBEX Exercise)

भारतीय नौसेना सिंगापुर में आयोजित **32वें सिंगापुर–भारत समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास (SIMBEX)** में भाग ले रही है।

**सिंबेक्स अभ्यास के बारे में**

- **शुरुआत:** यह **'लायन किंग अभ्यास'** के नाम से 1994 में शुरू हुआ था।
- यह **भारतीय नौसेना और सिंगापुर नौसेना** के बीच हर साल आयोजित होने वाला अभ्यास है।
    - भारत इस **समुद्री अभ्यास में काफी लंबे वक्त से** भाग ले रहा है।
    - यह अभ्यास भारत के **सागर/SAGAR (सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन)** विजन और **एक्ट ईस्ट नीति** के अनुरूप है।



## प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (PM VIKAS)

'पीएम विकास ' के तहत **'कौशल प्रशिक्षण और महिला उद्यमिता विकास'** परियोजना को शुरू की गई है।
- यह परियोजना अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों के प्रशिक्षण के लिए **IIIT कोट्टायम** में शुरू की गई है।

**पीएम विकास (PM VIKAS) के बारे में**
- **क्रियान्वयन मंत्रालय:** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
- **योजना का प्रकार:** केंद्रीय क्षेत्रक योजना
- यह अग्रलिखित **पाँच पुरानी योजनाओं को मिलाकर** बनाई गई है; **सीखो और कमाओ, नई मंजिल, नई रोशनी, उस्ताद** और **हमारी धरोहर**।
- **उद्देश्य:**
  - **छह मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक समुदायों** का कौशल विकास के माध्यम से उत्थान,
  - अल्पसंख्यक महिलाओं में उद्यमिता और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देना,
  - स्कूल छोड़ चुके बच्चों को शिक्षा प्राप्ति में मदद देना।
    - भारत में आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त छह अल्पसंख्यक समुदाय हैं; **मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी (जोरोस्ट्रियन)**।
- इस योजना का क्रियान्वयन **स्किल इंडिया मिशन** के साथ मिलाकर किया जा रहा है।

## ग्लोबल फाइंडेक्स 2025

The Global Findex Database 2025

हाल ही में विश्व बैंक की **'ग्लोबल फाइंडेक्स 2025'** रिपोर्ट जारी की गई। यह रिपोर्ट **डिजिटल और वित्तीय समावेशन में उपलब्धियों** को दर्शाती है।

**रिपोर्ट में भारत से जुड़े मुख्य बिंदुओं पर एक नजर**
- भारत में लगभग **90%** लोग खाताधारक (Account ownership) हैं अर्थात वे वित्तीय प्रणाली से जुड़ चुके हैं।
- **16% खाताधारकों** के खाते निष्क्रिय हैं यानी इनमें कोई लेनदेन नहीं होता है। अन्य निम्न और मध्यम आय वाले देशों में यह अनुपात केवल 4% है।
- **2021 से 2024 के बीच**, केवल निष्क्रिय खाते रखने वाली महिलाओं और पुरुषों का अनुपात कम हुआ है।
- **मोबाइल फोन नहीं रखने में मुख्य बाधाएं हैं –**
  - डिवाइस की ऊँची कीमत
  - भरोसेमंद मोबाइल नेटवर्क कवरेज की कमी।



## शहरी वायु-मंदन प्रभाव (Urban Wind Stilling Effect)

एक अध्ययन में पाया गया है कि **शहरी वायु-मंदन प्रभाव** उत्तर भारत में **'शहरी एरोसोल स्वच्छ द्वीप (Urban Aerosol Clean Islands)'** का निर्माण करता है।
- उत्तर-पश्चिमी और उत्तरी **सिन्धु-गंगा मैदान** के 43% शहरों में अपने आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में **एयरोसोल का स्तर कम** पाया गया है।
  - इन शहरों को **'शहरी एरोसोल-स्वच्छ द्वीप'** कहा गया है।
  - एरोसोल वे **कोलाइड** होते हैं जिनमें किसी तरल या ठोस कणों का विसरण (प्रसार) एक गैसीय माध्यम में होता है।
    - **उदाहरण:** कोहरा, बादल, धुआँ आदि।

**'शहरी वायु-मंदन प्रभाव' क्या है?**
- यह प्रभाव **शहरों में बनी ऊँची इमारतों और संरचनाओं** के कारण धरातलीय पवनों के **मंद पड़ने** से उत्पन्न होता है।
- यह अदृश्य अवरोध पैदा करता है और **दूर से आने वाली धूल और प्रदूषकों के शहर में प्रवेश की गति को कम** कर देता है।

## आर्थिक गणना (Economic Census)

केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने 8वीं आर्थिक गणना के प्रारंभिक कार्य को **भारत की 16वीं जनगणना के साथ एकीकृत करने का सुझाव** दिया है।

**आर्थिक गणना के बारे में**
- **आयोजक:** केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI)
- **उद्देश्य:** किसी निश्चित अवधि में **देश में संचालित उद्यमी (Entrepreneurial) गतिविधियों की पूरी गणना** करना।
- आर्थिक गणना अग्रलिखित विषयों पर विस्तृत डेटा प्रदान करती है: **उद्यमी-स्वामित्व की स्थिति; उद्यमिता में संलग्न लोगों की संख्या; आर्थिक गतिविधियों का भौगोलिक (क्षेत्रीय) विस्तार आदि।**
- पूर्व में 2019, 2013, 2005, 1998, 1990, 1980, 1977 में आर्थिक गणना कराई जा चुकी है।



## आकाश प्राइम

भारत ने **लद्दाख में अत्यधिक ऊंचाई पर उच्च गति वाले मानव-रहित दो हवाई लक्ष्यों** को **आकाश प्राइम** मिसाइल से सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।

**आकाश प्राइम के बारे में**



- इसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने विकसित किया है।
- यह भारत की स्वदेशी **सतह-से-हवा में मार करने वाली मिसाइल (SAM) प्रणाली "आकाश"** का उन्नत संस्करण है।
- इस मिसाइल प्रणाली को **अत्यधिक ठंडे मौसम, अधिक ऊँचाई (4500 मीटर से ऊपर) और कम ऑक्सीजन** वाले वातावरण में कार्य करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।



## मैटर-एंटीमैटर विसंगति

CERN के वैज्ञानिकों ने पहली बार **बैरियॉनों में CP वायलेशन (उल्लंघन)** अवलोकन किया है। इससे ब्रह्मांड में मैटर–एंटीमैटर विसंगति को समझने में सफलता मिल सकती है।

**मैटर–एंटीमैटर विसंगति के बारे में**
- यह ब्रह्मांड में अवलोकन की गई उस विसंगति को दर्शाता है जिसमें **मैटर की मात्रा एंटीमैटर की तुलना में कहीं अधिक** होती है।
- आधुनिक भौतिकी के अनुसार, **बिग बैंग परिघटना** के समय मैटर और एंटीमैटर की **समान मात्रा बननी चाहिए थी**, लेकिन आज जो ब्रह्मांड हम देख रहे हैं, वह लगभग पूरी तरह मैटर से भरा हुआ है और एंटीमैटर लगभग अनुपस्थित है।

**CP वायलेशन के बारे में:**
- **C (चार्ज कोनजुगेशन):** पार्टिकल्स को उनके एंटी पार्टिकल्स से बदलना।
- **P (पेरीटी):** स्थानिक निर्देशांक को उलटना यानी **दर्पण प्रतिबिंब** बनाना।
- **CP समरूपता:** इसका मतलब है कि यदि **पार्टिकल्स को उनके एंटीपार्टिकल्स से बदल दिया** जाए और दर्पण में देखा जाए तो भौतिकी के नियमों में कोई बदलाव नहीं होगा।
- **CP वायलेशन:** जब **मैटर और एंटीमैटर** अलग तरह से व्यवहार करते हैं, तो CP समरूपता का वायलेशन होता है।

## सुर्ख़ियों में रहे स्थल

## बोलीविया (राजधानियां: सूक्र और ला पाज़)

भारत ने **बोलीविया को खसरा-रूबेला के प्रकोप से निपटने के लिए 3 लाख वैक्सीन की खुराक** भेजी है।




- **भौगोलिक अवस्थिति**
  - यह **दक्षिण अमेरिका के पश्चिम-मध्य** भाग में स्थित है।
  - यह एक **स्थल-रुद्ध (Landlocked)** देश है।
  - **सीमा साझा करने वाले देश:** इसके उत्तर और पूर्व में **ब्राजील**, दक्षिण-पूर्व में **पराग्वे**, दक्षिण में **अर्जेंटीना**, दक्षिण-पश्चिम में **चिली** और उत्तर-पश्चिम में **पेरू** अवस्थित हैं।
- **भौगोलिक विशेषताएं**
  - यहाँ मुख्य रूप से **एंडीज पर्वतमाला (कार्डिलेरा पर्वत श्रेणी)** का विस्तार है।
  - **टिटिकाका झील:**
    - यह बोलीविया और पेरू की सीमा पर स्थित है।
    - यह **दुनिया की सबसे ऊंची नौगम्य (Navigable) झील** है।

